**Serial No.** 0401 C–DTN–K–MBB

# LAW

## Paper—II

*Time Allowed : Three Hours* | *Maximum Marks : 300*

## INSTRUCTIONS

*Each question is printed both in Hindi and in English.*

*Answers must be written in the medium specified in the Admission Certificate issued to you, which must be stated clearly on the cover of the answer-book in the space provided for the purpose. No marks will be given for the answers written in a medium other than that specified in the Admission Certificate.*

*Candidates should attempt Question Nos. 1 and 5 which are compulsory, and any **three** of the remaining questions selecting at least **one** question from each Section.*

*All questions carry equal marks.*

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस प्रश्न-पत्र के पिछले पृष्ठ पर छपा है ।

## SECTION—A

1. Answer any **THREE** of the following (answer to each question must not exceed **200** words). Support your answer with the help of legal provisions and decided cases :— 20×3=60

   (a) Distinguish common intention from abetment and criminal conspiracy.

   (b) "Right of private defence is available only against offences." Discuss.

   (c) "Defence of 'Volenti-non-fit injuria' is not available when the rescuer is injured in an act of rescuing." Discuss.

   (d) Discuss the principle of Res-ipsa-Loquitur. Refer to recent cases.

2. (a) "In order to constitute a public nuisance there must be an act or an illegal omission, and it is not necessary that the act should be illegal." Explain the offence of public nuisance with the help of decided cases. 20

## खंड—'क'

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **200** शब्दों से बाहर नहीं जाना चाहिए। अपने उत्तर को विधिक उपबंधों और विनिश्चित केसों की सहायता से परिपुष्ट कीजिए :— 20×3=60

   (क) सामान्य आशयों का दुष्प्रेरण और आपराधिक षड्यंत्र से विभेदन कीजिए।

   (ख) "प्राइवेट प्रतिरक्षा का अधिकार केवल अपराधों के विरुद्ध ही उपलब्ध है।" चर्चा कीजिए।

   (ग) "'वौलेंटी-नॉन-फिट इंजूरिया' का प्रतिवाद उस समय उपलब्ध नहीं होता है, जब छुड़ाने वाला छुड़ाने की क्रिया में आहत हो जाए।" चर्चा कीजिए।

   (घ) स्वयं प्रमाण (रैस इपसा लोक्विटुर) के सिद्धांत पर चर्चा कीजिए। हाल के निर्णयों (केसों) का हवाला दीजिए।

2. (क) "लोक न्यूसेंस गठित करने के लिए किसी कार्य का या किसी अवैध लोप का होना आवश्यक है, और यह आवश्यक नहीं है कि कार्य अवैध ही होना चाहिए।" लोक न्यूसेंस के अपराध को, विनिश्चयित केसों की सहायता से, स्पष्ट कीजिए। 20

(b) 'A' and 'B' were both security guards posted outside the home of a senior army officer, Mr. X. They often used to exchange hot words with each other in context to the other. On the day of Holi festival both of them had a verbal exchange due to the fact that both wanted to go to home early for festival, that led to altercation between the two, both of them instantaneously aimed their revolvers at each other respectively. 'C' who was also on duty with them intervened and pacified both of them. Both lowered their weapons respectively. The moment 'B' noted that 'A' had lowered his revolver, he immediately fired at 'A' and killed him. On being tried 'B' was awarded death sentence. However, on appeal the High Court acquitted 'B' on the plea of self-defence. The State intends to go in for appeal in the Supreme Court against the decision of the High Court. Advise in the light of the case law on the subject. 20

(c) Discuss the law relating to criminal intimidation. Refer to case law. In what way is extortion different from criminal intimidation ? 10+10=20

3. (a) What test has the Supreme Court prescribed to understand 'the rarest of the rare cases theory' while inflicting Capital Punishment ? Can one argue that Capital Punishment in any case is against society ? 20

(ख) 'क' और 'ख' दोनों चौकीदारों को एक वरिष्ठ सेना अधिकारी श्री 'य' के घर के बाहर तैनात किया गया था। वे अकसर एक दूसरे को गरमागरम तू-तू मैं-मैं करते रहते थे। होली त्योहार के मौके पर उनके बीच कहा-सुनी हुई जिसका कारण था कि दोनों ही त्योहार के लिए जल्दी घर जाना चाहते थे। इसके फलस्वरूप उनके बीच हाथापाई हो गई। उन दोनों ने तुरन्त ही अपनी-अपनी रिवाल्वरें एक दूसरे पर तान दीं। 'ग' जो उनके साथ ही ड्यूटी पर था, ने बीच-बचाव किया और उन दोनों को शांत किया। दोनों ने अपने-अपने हथियार नीचे कर लिए। जैसे ही 'ख' ने देखा कि 'क' ने अपनी रिवाल्वर नीचे कर दी है, उसने तुरन्त 'क' पर गोली चला दी और उसको जान से मार दिया। मुकदमा चलने पर 'ख' को मृत्यु का दंडादेश दिया गया। परन्तु, अपील करने पर, उच्च न्यायालय ने आत्म-प्रतिरक्षा के अभिवाक् पर 'ख' को दोषमुक्त कर दिया। राज्य का इरादा उच्च न्यायालय के निर्णय के विरुद्ध, उच्चतम न्यायालय में अपील के लिए जाने का है। इस विषय पर निर्णयज विधि के प्रकाश में सलाह दीजिए। 20

(ग) आपराधिक अभित्रास से संबंधित विधि पर चर्चा कीजिए। निर्णयज विधि का हवाला दीजिए। उद्दापन किस प्रकार से आपराधिक अभित्रास से भिन्न होता है ? 10+10=20

3. (क) मृत्यु दंड देते समय, 'दुर्लभ का भी दुर्लभतम थियोरी' को समझने के लिए उच्चतम न्यायालय ने क्या परीक्षण निर्धारित किया है ? क्या यह तर्क दिया जा सकता है कि मृत्यु दंड किसी भी स्थिति में समाज विरुद्ध होता है ? 20

(b) Do you find it is necessary to convict the accused both under Section 304-B and Section 498-A of Penal Code ? Refer to recent cases. 20

(c) Mr. A, a chronic heart-patient was drawn into a political debate and in the course of arguments his adversary looked at him fiercely and said that "people like him should be hit till they are dead". Hearing this 'A' suffers a heart attack and dies on the spot. Discuss the liability of his adversary. Argue for the State also. 10

(d) 'A', a minor girl leaves her parents House because of ill treatment and lives with 'B', her friend. Can he (B) be prosecuted for kidnapping ? 10

4. (a) The editor of a weekly published a series of articles directed against the business of the plaintiff alleging how the wealth of the vast empire was built up by having recourse to the unlawful and questionable means involving tax-evasion, import-export rackets, foreign exchange violations and how the investigations into the operations of the organisation were bogged down. In an action for defamation, the defendant put up the defence of fair comment on a matter of public interest. The plaintiff brought evidence to show that the defendant had to tender an apology to the plaintiff in an earlier defamation case and that the present publication was motivated by malice. Discuss the defence of fair comment in the light of the facts of the case. 20

(ख) क्या आप अभियुक्त को दंड संहिता की धारा 304-बी और धारा 498-ए दोनों ही के अधीन दोषसिद्ध करना आवश्यक पाते हैं ? हाल के केसों का हवाला दीजिए। 20

(ग) श्री 'क', एक पुराना हृदय रोगी, एक राजनीतिक वाद-विवाद में पड़ गया और तर्क-वितर्क के दौरान उसके प्रतिद्वंद्वी ने उसको गुस्से में भर कर देखा और कहा कि "आप जैसे लोगों को तो तब तक मार पड़नी चाहिए जब तक मर न जाएं।" इसको सुनते ही 'क' को हृदय घात का दौरा पड़ा और वह उसी स्थल पर मर गया। उसके प्रतिद्वंद्वी के दायित्व पर चर्चा कीजिए। राज्य की ओर से भी तर्क दीजिए। 10

(घ) एक अवयस्क लड़की 'क' बुरे बर्ताव के कारण अपने माता-पिता के घर को छोड़ कर अपने मित्र 'ख' के साथ रहती है। क्या व्यपहरण के लिए उसका (ख का) अभियोजन किया जा सकता है ? 10

4. (क) एक साप्ताहिक के संपादक ने एक वादी के कारोबार को निशाना बना कर लेखों की एक शृंखला प्रकाशित की, जिसमें अभिकथन किया गया था कि कर-वंचन, आयात-निर्यात कूट योजनाओं, विदेशी मुद्रा अतिक्रमणों सहित विधिविरुद्ध एवं कपटपूर्ण साधनों को अपनाकर किस प्रकार से कारोबार के विशाल साम्राज्य के धन का निर्माण किया गया था और कि संगठन की संक्रियाओं में जांच-पड़ताल को किस प्रकार दबा दिया गया था। मानहानि के लिए कार्रवाई में, प्रतिवादी ने लोक हित के मामले में 'उचित टीका-टिप्पणी' का प्रतिवाद पेश किया। वादी ने यह दिखाने के लिए साक्ष्य सामने रखा कि पूर्व के एक मानहानि के केस में प्रतिवादी को वादी के आगे माफ़ी मांगनी पड़ी थी और कि वर्तमान प्रकाशन दुर्भाव से प्रेरित था। केस के तथ्यों के प्रकाश में, 'उचित टीका-टिप्पणी' के प्रतिवाद पर चर्चा कीजिए। 20

(b) We must use our property so as not to cause discomfort to another's use of property. Yet a temporary discomfort is not actionable. Explain the law. 20

(c) Discuss the liability of hospitals under the Consumer Protection Act, 1986. Refer to decided cases also. 20

## SECTION—B

5. (a) On breach of contract only such loss can be recovered as was in the contemplation of both the parties at the time of entering into the contract. Discuss. 15

(b) The very object of taking a surety is defeated, if the creditor is required to postpone his remedies against the surety. Explain the liability of the surety. 15

(c) What do you understand by a Promissory Note ? Discuss. 15

(d) Mere cessation of trading does not result in dissolution of a partnership. Rights and liabilities need to be settled between the partners. Explain. 15

(ख) हमें अपनी संपत्ति का इस्तेमाल ऐसे करना आवश्यक होता है कि उसके कारण किसी अन्य को अपनी संपत्ति का इस्तेमाल करने में असुविधा न हो। परंतु फिर भी अल्पकालिक असुविधा वादयोग्य नहीं होती। इस संबंध में विधि को स्पष्ट कीजिए। 20

(ग) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के अधीन अस्पतालों के दायित्व पर चर्चा कीजिए। विनिश्चित केसों का हवाला भी दीजिए। 20

## खंड—'ख'

5. (क) संविदा-भंग पर केवल वही हानि वसूल की जा सकती है, जो कि संविदा करने के समय दोनों पक्षकारों के ध्यान में थी। चर्चा कीजिए। 15

(ख) प्रतिभू लेने का असली उद्देश्य ही विफल हो जाता है, यदि लेनदार के लिए प्रतिभू के विरुद्ध उपचारों को मुल्तवी करना आवश्यक हो। प्रतिभू की देयता को स्पष्ट कीजिए। 15

(ग) आप वचन-पत्र (प्रॉमिसरी नोट) से क्या समझते हैं ? चर्चा कीजिए। 15

(घ) व्यापार की केवल समाप्ति का परिणाम भागीदारी का विघटन नहीं होता है। भागीदारों के बीच अधिकारों और देयताओं का हिसाब-किताब करना आवश्यक होता है। समझाइए। 15

6. (a) The Competition Act is designed to prevent monopolies and unfair trade practices against smaller competitors and consuming public. Elucidate. 30

   (b) Public Interest Litigation has been a significant tool in protecting the environment. Discuss with the help of cases. 30

7. (a) An impartial and independent conciliator assists the parties in resolving their dispute amicably. Discuss the provisions of law relating to conciliation. 30

   (b) Distinguish between 'Foreign Award' and 'Conventional Award'. Discuss the procedure for the enforcement of 'Foreign Award' with the help of case law. 30

8. (a) Examine the legal recognition of 'Digital Signature' and explain the procedure for its registration under the Information Technology Act. 30

   (b) The principle of 'passing off' in an action has been extended to the use of 'false trade description'. Explain the conditions for a successful passing off action and the defences available to the opposite party. 30

6. (क) प्रतियोगिता अधिनियम को छोटे प्रतियोगियों और उपभोगी जनता के विरुद्ध एकाधिकारों एवं नावाजिब व्यापारिक व्यवहारों की रोकथाम के लिए बनाया गया है। इस बात को विस्तारपूर्वक सुस्पष्ट कीजिए। 30

(ख) लोक हित मुकदमेबाज़ी पर्यावरण का संरक्षण करने में एक महत्वपूर्ण साधन रही है। केसों की सहायता से इस पर चर्चा कीजिए। 30

7. (क) पक्षकारों के विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाने में निष्पक्ष और स्वतंत्र सुलहकार उनकी सहायता करता है। सुलह से संबंधित विधि के उपबंधों पर चर्चा कीजिए। 30

(ख) 'विदेशी पंचाट' और 'पारंपरिक पंचाट' के बीच विभेदन कीजिए। केस विधि की सहायता से 'विदेशी पंचाट' के प्रवर्तन के लिए कार्यविधि पर चर्चा कीजिए। 30

8. (क) 'अंकीय हस्ताक्षर' की विधिक मान्यता का परीक्षण कीजिए और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के अधीन उसके रजिस्ट्रेशन के लिए कार्यविधि को स्पष्ट कीजिए। 30

(ख) कार्रवाई में 'चला देना' के सिद्धांत को 'मिथ्या पण्य विवरण' के उपयोग तक विस्तृत किया गया है। सफल चला देना कार्रवाई के लिए शर्तों को और विरोधी पक्षकार को उपलब्ध प्रतिरक्षाओं को स्पष्ट कीजिए। 30

Serial No. | C–DTN–K–MBB

# विधि

## प्रश्न-पत्र—II

समय : तीन घण्टे | पूर्णांक : 300

### अनुदेश

*प्रत्येक प्रश्न हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपा है।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख उत्तर-पुस्तक के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्रवेश-पत्र पर उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।*

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं। बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम एक प्रश्न चुनकर किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

***Note :*** *English version of the Instructions is printed on the front cover of this question paper.*